हिंदी दैनिक
# न्यूज़ वायरस
वर्ष : 12 अंक : 39 देहरादून, शनिवार, 29 जुलाई, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



एसीएस राधा रतूड़ी ने विधायकों के प्रस्तावों और मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की 3

# मेधावी छात्र-छात्राओं को 'सम्मान समारोह' में सीएम धामी ने किया सम्मानित

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 29 जुलाई , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में आयोजित 10वीं एवं 12वीं परीक्षा में उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं के 'सम्मान समारोह' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। एक मीडिया संस्थान द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से 94 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सभी मेधावियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें गर्व का अनुभव हो रहा है, आज वे प्रदेश के उन सर्वश्रेष्ठ बच्चों से मिल रहे हैं, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर यह दिखाया है कि शिखर पर जाने के लिए एक स्पष्ट उद्देश्य होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि जीवन में कठिन परिश्रम का कोई विकल्प नहीं होता है। शिक्षा से जीवन की सभी चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। शिक्षा में भक्ति जैसी सारगर्भिता होनी चाहिए। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों से कहा कि यह जीवन की प्रारंभिक सीढ़ी है। जीवन की प्रत्येक सीढ़ी पर आपको चुनौतियां मिलेंगी, जिन पर आपको विवेक और बुद्धि के बल पर पार पाना होगा। न तो मेहनत का कोई विकल्प होता है और न ही शॉर्ट कट कभी हमें स्थायी सफलता की ओर ले जाता है। इसलिए हमें विकल्प रहित संकल्प लेकर लगातार मेहनत करनी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रश्न पत्र के माध्यम से ही जीवन में हमेशा परीक्षा नहीं आती। कई बार ऐसी चुनौतियां आती हैं, जिनका समाधान अपनी पूरी मेधा लगाकर ही पाया जा सकता है। कार्य करने का अवसर जिस भी क्षेत्र में मिले उस क्षेत्र में लीडर की भूमिका में कार्य करें, उस कार्य के प्रति अपना सर्वश्रेष्ठ दें। चुनौतियों का धैर्यपूर्वक सामना करते हुए अपने पुरुषार्थ के बल पर मंजिल प्राप्त करना ही वास्तविक सफलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी देश का सामाजिक एवं आर्थिक विकास उस देश में विद्यार्थियों को मिलने वाली शिक्षा की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से बच्चों को रोजगार परक शिक्षा के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने में भी सहायता मिलेगी। इससे शोध एवं अनुसंधान को भी बढ़ावा मिलेगा तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित होगी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड देश का प्रथम राज्य है जिसने स्कूली शिक्षा में नई शिक्षा नीति को लागू किया है।

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए राज्य में तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। देश की रैंकिंग में हमारे 05 विश्वविद्यालयों के नाम हैं। इस बार एनडीए एवं सीडीएस की परीक्षा में राज्य से सर्वाधिक बच्चे चयनित हुए। राज्य में पहली बार मेधावियों को सम्मान देने का कार्य मुख्यमंत्री द्वारा किया गया है। राज्य सरकार छात्रों के बेहतर भविष्य के लिए समर्पित सरकार है। सरकार द्वारा मेधावी बच्चों के लिए चार छात्रवृत्ति योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि स्कूलों की प्रवक्ता व एलटी शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था के लिए प्रधानाचार्यों को नामित किया गया है। प्रदेश में अंक सुधार परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस अवसर पर शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी, अमर उजाला के सलाहकार सम्पादक उदय सिन्हा, अमर उजाला के राज्य सम्पादक संजय अभिज्ञान, कुलपति एवं अन्य गणमान्य मौजूद थे।





# उत्तराखंड के सभी जिलों में 1 अगस्त तक यलो अलर्ट, सावधान रहें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 29 जुलाई : उत्तराखंड में बरसात में जनजीवन अस्त व्यस्त कर दिया है। लगातार हो रही बरसात के कारण पहाड़ी क्षेत्रों में आपदा जैसे हालात बन रहे हैं। कहीं पर भूस्खलन हो रहा है तो कहीं पर नदियों में उफान आ रखा है। कुल मिलाकर पहाड़ी क्षेत्रों में तो त्रासदी मच रही है। लोग बस भगवान एगे यही कामना कर रहे हैं कि बरसात में थोड़ी कमी हो मगर वेदर फोरकास्ट के अनुसार आने वाले 1 अगस्त तक मूसलाधार बरसात से लोगों को राहत नहीं मिलेगी।

जी हां, प्रदेश के सभी जिलों में आने वाले 1 अगस्त तक मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी कर दिया है। अब वे जिले कौन से हैं हम आपको यह भी बताते हैं। मौसम विभाग में 1 अगस्त तक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, टिहरी, देहरादून, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल, उधम सिंह नगर और हरिद्वार में येलो अलर्ट जारी किया है। 29 जुलाई को इन जिलों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ में भारी बरसात हो सकती है और आकाशीय बिजली की चमक सकती है।



वहीं कल भी इन सभी जिलों में भारी से बहुत भारी बरसात हो सकती है और वर्षा के तीव्र से अति तीव्र होने की संभावना है। 1 अगस्त तक इन सभी जिलों में मौसम विभाग ने भारी बरसात को लेकर अलर्ट जारी किया है। ऐसे में मौसम विभाग ने संवेदनशील इलाकों में कही गई भूस्खलन के कारण सड़कों के अवरुद्ध होने की चेतावनी भी दी है और इसी के साथ मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की अपील की है। हमारी भी आपसे अपील है कि बेहद सावधान रहें।

# परियोजनाओं की प्रगति में तेजी के डीएम मयूर दीक्षित ने दिए निर्देश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने वीसी कक्ष में आयोजित बैठक में ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि रेल परियोजना के तहत अधिगृहित भूमि प्रतिकर से कोई परिवार न छूटे और परियोजना कार्य में तेजी लायें। बैठक में डीएम ने रेल परियोजना के तहत जिन घरों को क्षति पहुंची है, उनका सर्वे कराकर फोटो व वीडियो सहित दस्तावेजीकरण कर मरम्मत के लिए फार्मुला बनाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही परियोजना से प्रभावित गांवो के पात्र व्यक्तियों की सूची उपलब्ध कराने, शैड्यूल से भूमि प्रतिकर दिये जाने के लिए सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर पात्रों को लाभ दिये जाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम अटाली में परियोजना को अर्जित अतिरिक्त भू-अर्जन प्रस्ताव की सूची रेलवे अधिकारियों को उपलब्ध कराने तथा रेलवे अधिकारियों को मौके पर जांच कर सूची को फाइनल करने के निर्देश दिए। एडीएम ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाईन परियोजना के तहत प्रभावित परिवारों को दिया गया भूमि प्रतिकर और शेष धनराशि की जानकारी दी गई। वहीं आरवीएनएल के अधिकारियों ने ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के संबंध में जानकारी दी। डीएम ने आगराखाल से चम्बा, चम्बा से नगुण चौकी तक निर्मित सडक़ों के संबंध में जानकारी लेते हुए बीआरओ के अधिकारियों को निर्देश दिये कि जहां पर भी निर्माण व मरम्मत कार्य किये जाने हैं, उनका निरीक्षण कर तीव्र गति से कार्य करवायें। बैठक में एडीएम केके मिश्र, एसडीएम नरेन्द्रनगर देवेन्द्र नेगी, ईई एनएच निर्भय सिंह, आरवीएनएल अधिकारी भूपेन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।

# अब PhonePe से भरें इनकम टैक्स, 6 सिंपल स्टेप्स में

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , फोन पे ऐप पर नया फीचर 'Income Tax Payment' की शुरुआत हो गई है। इस फीचर से करदाता पलक झपकते ही अपने टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। इस ऐप के जरिए यूपीआई और क्रेडिट कार्ड दोनों से टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। बता दें कि वित्त वर्ष 2022-23 के लिए इनकम टैक्स रिटर्न भरने की लास्ट डेट 31 जुलाई है। इस दौरान ITR भरने वाले कई टैक्स पेयर्स पर बकाया टैक्स भी निकल सकती है। ऐसे में PhonePe के Income Tax Payment ऑप्शन से क्रेडिट कार्ड से टैक्स का भुगतान किया जा सकता है।

**PhonePe से टैक्स जमा करने का तरीका**

सबसे पहले PhonePe ओपन करें.अब Income Tax ऑप्शन पर क्लिक करें.टैक्स का टाइप इंडीविजुअल या बिजनेस सेलेक्ट करें.असेसमेंट ईयर सेलेक्ट करें और पैन कार्ड की डिटेल्स भरें.अपना टैक्स अमाउंट डालकर पेमेंट मोड चुनें.क्रेडिट कार्ड या यूपीआई से टैक्स जमा कर सकते हैं.फोन पे से कौन भर सकता है टैक्स

टैक्स का भुगतान होने के बाद दो दिन में ऑफिशियल पोर्टल पर अपडेट हो जाएगा। PhonePe ऐप से एडवांस टैक्स भरने की सुविधा इंडीविजुअल और बिजनेस दोनों तरह के करदाता को मिल रही है। इस ऐप की हेल्प से वे अपना एडवांस टैक्स भर सकते हैं। इस सुविधा के लिए PayMate जैसे डिजिटल B2B पेमेंट और सर्विस प्रोवाइडर के साथ फोन पे की पार्टनरशिप है। इस सर्विस का मकसद करदाताओं को आसानी से टैक्स भुगतान की सुविधा देना है।

**PhonePe से टैक्स जमा करने की सुविधा**

बता दें कि PhonePe के इस ऑप्शन से करदाता सिर्फ टैक्स जमा कर सकते हैं। इस ऑप्शन से सिर्फ एडवांस टैक्स जमा करने या बकाया टैक्स जमा करने में कर सकते हैं। इसके जरिए इनकम टैक्स रिटर्न (ITR) नहीं भर सकते हैं। आईटीआर भरने के लिए करदाताओं को इनकम टैक्स पोर्टल पर ही जाना पड़ेगा।




सांकेतिक चित्र

# महिलाएं ऑफिस में और मर्द घर में ज्यादा खुश रहते हैं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई ,हम में से अधिकतर लोग अपने तनावपूर्ण जीवन के लिए ऑफिस को जिम्मेदार मानते हैं। यही कारण है कि कुछ लोग जल्द से जल्द ऑफिस से घर जानें के लिए उत्सुक रहते हैं। वहीं एक अध्ययन के अनुसार महिलाओं को अपने घर के मुकाबले ऑफिस में कम तनाव होता है। दरअसल स्टडी के दौरान शोधकर्ताओं ने एक हफ्ते लगातार 122 लोगों में कोर्टीसोल हार्मोन (तनाव पैदा करने वाला हार्मोन) के स्तर की जांच की। इसके साथ ही दिन में अलग-अलग समय उनके मूड के बारे में पूछा। परिणाम में सामने आया कि महिलाओं को अपने घर के मुकाबले ऑफिस में कम तनाव होता है। शोधकर्ताओं ने बताया कि महिलाएं ऑफिस में ज्यादा खुश रहती हैं जबकि पुरुष अपने घर में ज्यादा खुश रहते हैं।शोधकर्ताओं के मुताबिक इसका मुख्य कारण ये है कि जब



महिलाओं को उनकी जॉब से संतुष्टि नहीं होती है तो वे अपनी जॉब बदल लेती हैं और जहां उन्हें अच्छा महसूस होता है वहीं जॉब करती हैं लेकिन पुरुष ऐसा नहीं करते हैं अपनी जॉब से संतुष्ट न होने के बाद भी वे उसी कंपनी में काम करते रहते हैं जिस कारण वे ऑफिस में खुश नहीं रह पाते हैं।स्टडी में ये भी सामने आया कि कामकाजी माताओं को उन महिलाओं के मुकाबले कम तनाव होता है जिनके बच्चे नहीं होते है। दरअसल शोधकर्ताओं का मानना है कि जिन महिलाओं के बच्चे होते हैं उनका मूड अच्छा रहता है और उन्हें तनाव कम होता है।

# तो क्या स्कूलों में मोबाइल हो सकता है बैन ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , यूनेस्को ने कहा है,कि स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर तुरंत रोक लगानी चाहिए। यूनेस्को का मानना है, कि इससे बच्चों के सीखने की प्रवृत्ति खराब हो रही है। संयुक्त राष्ट्र संघ की शिक्षा,विज्ञान और संस्कृति एजेंसी द्वारा एक रिपोर्ट में कहा गया है,इस बात के पर्याप्त प्रमाण मिले हैं। कि मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। स्क्रीन पर ज्यादा समय बिताने के कारण विद्यार्थियों की रचनात्मकता प्रभावित हुई है। इसके अलावा आंखों की रोशनी एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी तकलीफें बच्चों में देखने को मिल रही हैं।



रिपोर्ट के अनुसार इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी का उपयोग टूल की तरह होना चाहिए। पारंपरिक शिक्षण प्रणाली को किसी भी हालत में पीछे नहीं छोड़ना चाहिए। शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के आमने सामने जो संवाद होता है। उसका बड़ा महत्व है। अभी भी दुनिया के करोड़ों बच्चों की इंटरनेट तक पहुंच नहीं है। जिसके कारण शिक्षा के क्षेत्र में कई अन्य चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

यूनेस्को के महानिदेशक ने कहा कि 25 फ़ीसदी देश स्कूलों में स्मार्टफोन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा चुके हैं। इसमें फ्रांस और नीदरलैंड सबसे आगे हैं। स्कूलों में पढ़ाई स्मार्टफोन के स्थान पर पारंपरिक तरीके से करने पर जोर दिया गया है। भारत में भी स्कूलों में स्मार्टफोन पर रोक लगाने की अनुशंसा की गई है। हालांकि भारत सरकार ने इस दिशा में अभी तक कोई काम नहीं किया है। जिसका असर बच्चों की पढ़ाई और मानसिक विकास में होते हुए दिख रहा है। भारत में भी दूरदराज के गांवों में इंटरनेट की उपलब्धता नहीं है। जिसके कारण शिक्षा के क्षेत्र में लगातार असमानता बढ़ती ही जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### केस वापस लेने का दबाव बनने वाले एक और मुकदमा

देहरादून। मकान बनाने का एग्रीमेंट कर सही तरीके से काम नहीं करने के आरोपी पर बैंक कर्मी महिला ने केस दर्ज कराया तो आरोपी केस वापस लेने का दबाव बनाकर धमकी देने लगा। महिला की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ पुलिस ने दूसरा मुकदमा दर्ज कर लिया। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि नेहा शर्मा निवासी अलकनंदा एंक्लेव, जीएमएस राड ने तहरीर दी। बताया कि वह आईटी पार्क स्थित केनरा बैंक की शाखा में तैनात हैं। उन्होंने 20 माई 2023 को अपने भाई का मकान बनाने के लिए वीवी सिंह से एग्रीमेंट किया। महिला ने कुल 29.20 लाख रुपये भुगतान किया। आरोपी ने निर्माण ठीक से शुरू नहीं किया तो उससे रकम वापस मांगी गई। आरोप है कि रकम नहीं दी। तब उसके खिलाफ बीते 16 जुलाई रायपुर थाने में केस दर्ज कराया। आरोप है कि इसके बाद वीवी सिंह धमकी देते हुए केस वापस लेने का दबाव बना रहा है। एसओ रायपुर कुंदन राम ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### दिल्ली में छह अगस्त के आंदोलन में शामिल होंगे दून के पूर्व सैनिक

देहरादून। गौरव सेनानी एसोसिएशन देहरादून से जुड़े पूर्व सैनिक छह अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाले आंदोलन में शामिल होंगे। शुक्रवार को एसोसिएशन की बैठक शिमला बाईपास रोड रतनपुर स्थित कार्यालय में हुई। इस दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों को आंदोलन में शामिल कराने के लिए ले जाने पर चर्चा हुई। उत्तराखंड से शहीद सैनिकों की पत्नियां भी आंदोलन में हिस्सा लेंगी। एसोसिएशन अध्यक्ष महावीर राणा ने बताया कि रविवार को शुक्रवार की बैठक में दिल्ली में ज्यादा से ज्यादा पूर्व सैनिकों को ले जाने के लिए रणनीति बनाई गई। इस दौरान मनवर सिंह रौथाण, गिरिश जोशी, सत्यप्रकाश डबराल, अनिल पैन्यूली, ताजबर सिंह, सुरेशानंद पुरोहित, महिपाल सिंह, परवल सिंह राणा, गौतम रमोला, दरवान सिंह, अनिल पैन्यूली, राजेंद्र प्रसाद, रामेश्वर राणा, विनोद सिंह, बिरेन्द्र कंडारी, राजेंद्र कंडारी, इन्द्र प्रसाद, चौधरी विक्रम सिंह शामिल रहे।

### जमीन फर्जीवाड़े के केस में फरार दस हजार इनामी गिरफ्तार

देहरादून। जमीन फर्जीवाड़े के मुकदमे में वसंत विहार क्षेत्र से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी को एसओजी और वसंत विहार पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की एक महिला साथी पहले ही गिरफ्तार की जा चुकी है। आरोपियों ने एक महिला के मृत पति को जीवित दर्शाकर जालसाजी कर जमीन की रजिस्ट्री की थी। आरोपी को कोर्ट के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। डीआईजी देहरादून दलीप सिंह कुंवर शुक्रवार दोपहर प्रेसवार्ता में इनामी आरोपी की गिरफ्तारी की जानकारी दी। बताया कि एक जनवरी 2023 को चंद्रकांता सिंधवानी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया। आरोप था कि आशिमा भंडारी और अशोक कुमार नाम के जालसाजों ने उनके पति की जमीन को धोखाधड़ी कर बेच दी है। इसके लिए उन्होंने उनके पति ठाकुर दास सिंधवानी को जीवित दर्शाकर रजिस्ट्री की थी। इस मामले में पुलिस ने आशिमा भंडारी को 14 मई को गिरफ्तार कर लिया। जबकि, अशोक कुमार निवासी टी-एस्टेट बंजारावाला फरार चला रहा था। आरोपी अशोक कुमार मूलरूप से नगरी जादू, नूरपुर, चांदपुर बिजनौर का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी को फव्वारा चौक नेहरू कॉलोनी से गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ तीन मुकदमे दर्ज हैं।

### टैक्सी संचालकों ने आरटीओ दफ्तर में किया प्रदर्शन

देहरादून। दून राइट टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने ऑनलाइन बाइक-स्कूटर सेवा देनी वाली कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। टैक्सी संचालकों ने आरटीओ से शीघ्र ही कंपनी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। यूनियन के अध्यक्ष रविंद्र आनंद ने आरटीओ प्रवर्तन शैलेश तिवारी को बताया कि कंपनी की ओर से देहरादून के साथ ही उत्तराखंड के अन्य जनपदों में भी ऑनलाइन बाइक-स्कूटर की सेवा दी जा रही है। कंपनी अवैध रूप से संचालन कर रही है। जो वाहन सेवा दे रहे हैं, वह नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। निजी बाइक और स्कूटर भी सवारी ढो रहे हैं। जिससे सरकार को भी राजस्व का नुकसान हो रहा है। इसके साथ ही टैक्सी संचालकों के रोजगार पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने कंपनी के खिलाफ कार्रवाई कर अवैध रूप से चल रहे बाइक-स्कूटर को सीज करने की मांग की है। चेताया कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो टैक्सी संचालक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस मौके पर सलमान, रोशन थापा, नवीन सिंह चौहान, युवराज, दीपक, जगजीत, बग्गा, विपुल, रोहित, राहुल, जितेंद्र, अमित, नसीम आदि मौजूद रहे।

# मार्केट लिंकेज देश के छोटे किसानों के लिए एक क्रांतिकारी कदम होगा : गणेश जोशी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नई दिल्ली, 29 जुलाई , प्रदेश के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री एवं राष्ट्रीय राज्य कृषि विपणन बोर्ड के अध्यक्ष गणेश जोशी ने कोसांब की सामान्य निकाय बैठक में लिए गए निर्णय पर गोवा कृषि वस्तुओं के अंतर-राज्य व्यापार के विकास और बुनियादी ढांचे के विकास के संबंध में बैठक ली। मंत्री ने कहा कि सभी सदस्यों और प्रत्येक राज्य को कृषि वस्तु पहुंच को मजबूत करना चाहिए और अपने-अपने राज्यों के बाहर आवश्यक बुनियादी ढांचे का निर्माण करके किसानों को विकल्प प्रदान करना चाहिए। इससे न केवल अंतर-राज्य व्यापार बढ़ेगा, बल्कि किसानों को कीमत की बेहतर प्राप्ति भी सुनिश्चित होगी। हर राज्य में, इससे न केवल आपूर्ति और मांग के बीच अंतर बना रहेगा, बल्कि साल भर कीमतों को स्थिर रखने में भी मदद मिलेगी।



मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह के विशेष कृषि क्षेत्र (एसएजेड) से निश्चित रूप से पारंपरिक चैनलों से वितरण की प्रवृत्ति को उलट कर बिना बिचौलियों के सीधे उपभोग करने वाले राज्यों तक पहुंचने से किसानों को लाभ होगा। इससे अंतर-राज्यीय बाजारों और पैकेजिंग इकाइयों के साथ भंडारण सुविधाओं तक अतिरिक्त पहुंच मिलेगी। इस प्रकार का मार्केट लिंकेज देश के छोटे किसानों के लिए एक क्रांतिकारी कदम होगा। संसद सदस्य, राज्य सभा कृष्ण लाल पंवार ने इस मुद्दे को 26 जुलाई, 2023 को राज्यसभा में उठाया, जिसकी सभी सदस्यों ने सराहना की। सभापति, राज्यसभा -सह- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आगे आवश्यक कार्रवाई के लिए इस विचार की सराहना की।

मंत्री गणेश जोशी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि प्रत्येक राज्य को उपयुक्त स्थान की पहचान करनी चाहिए और प्रत्येक राज्य के लिए अलग-अलग राज्य मंडपों और सामान्य गोदामों / कोल्ड स्टोरेज सेवाओं के विकास के लिए लगभग 200-300 एकड़ भूमि समर्पित करनी चाहिए, जहां संबंधित राज्यों के किसान पीक सीजन के दौरान अपनी उपज का भंडारण कर सकें और बेच सकें। इससे न केवल उपभोग के आउटरीच स्थान पर किसानों के लिए आत्मविश्वास आएगा, बल्कि किसानों के न्यूनतम शोषण और अधिकतम आय के साथ, साल भर हर जगह वस्तु के प्रसार को बढ़ाते हुए समान वितरण भी मजबूत होगा।बैठक में कोसंब के प्रबन्ध निदेशक डॉ० जेएस यादव, सलाहकार गिरीश बलूनी एवं सहायक निदेशक चंदन भल्ला, हनुमंत कुमार आदि उपस्थित थे।

# एसीएस राधा रतूड़ी ने विधायकों के प्रस्तावों और मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

■ जिलाधिकारियों से विधायकों के प्रस्तावों की उपयुक्तता के संबंध में प्राप्त आख्याओं के आधार पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए

अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में मुख्यमंत्री द्वारा सभी विधायकों से अपने-अपने क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए मांगे गए 10-10 प्रस्तावों तथा मुख्यमंत्री द्वारा की गई कुल 110 घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। एसीएस रतूड़ी ने उक्त प्रस्तावों एवं मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर शीर्ष प्राथमिकता के अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

अपर मुख्य सचिव ने समस्त जिलाधिकारियों से विधायकों के प्रस्तावों की उपयुक्तता के संबंध में प्राप्त आख्याओं के आधार पर तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसके साथ एसीएस राधा रतूड़ी ने समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विधायकों के जिन प्रस्तावों के संबंध में प्रारंभिक परीक्षण में कुछ तकनीकी दिक्कतें परिलक्षित हुई हैं, उनके संबंध में संबंधित विधायकों से चर्चा करते हुए तत्काल यथोचित प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार तथा विधायकों की अपेक्षानुसार जनकल्याण के उक्त अति महत्वपूर्ण प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए यथासंभव त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।बैठक में सचिव अरविन्द सिंह हयांकी, हरीचंद सेमवाल, अपर सचिव विनीत कुमार, डा० अमनदीप कौर, सी रविशंकर, जगदीश काण्डपाल तथा सम्बन्धित विभागों के अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

# 1905 पोर्टल के डेशबोर्ड को नियमित मॉनिटरिंग करें : अशोक कुमार, डीजीपी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 29 जुलाई , पुलिस महानिदेशक, उत्तराखण्ड अशोक कुमार,ने पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री हेल्पलाईन 1905 के सम्बन्ध में परिक्षेत्र एवं जनपद प्रभारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक कर कई बड़े निर्देश दिये है। आइये आपको बताते हैं वो दिशा निर्देश क्या है -



1) प्रत्येक शुक्रवार को मुख्यालय एवं जनपद स्तर पर (1905 हेल्पलाईन शिकायत निस्तारण दिवस) आयोजित कर आम जनता की शिकायतों का समाधान करें एवं 1905 पोर्टल में पूर्व से लम्बित शिकायतों पर स्वयं शिकायतकर्ता से वार्ता करने के निर्देश दिए।

2) मुख्यमंत्री हेल्पलाईन-1905 पोर्टल के डेशबोर्ड को प्राथमिकता के आधार पर नियमित मॉनिटरिंग कर अपडेट करें।

3) मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1905 के माध्यम से प्राप्त आम जनता की शिकायत पर शत-प्रतिशत कॉल थाना स्तर से (1905 पोर्टल) के माध्यम से करने हेतु आदेशित किया गया।

4) समस्त जिला प्रभारियों को लम्बी अवधि से लम्बित शिकायतों के सम्बन्ध में जवाबदेही तय कर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

5) समस्त शिकायतों के निस्तारण का प्रतिशत बढ़ाया जाये।समीक्षा बैठक में ए०पी० अंशुमान अपर पुलिस महानिदेशक, अपराध एवं कानून व्यवस्था, पी० रेणुका देवी, पुलिस उपमहानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था उपस्थित रहे।

# उल-जूलूल बयानबाजी बाज आयें मौर्य, सतयुग कालीन है श्री बदरीनाथ धाम : महाराज

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। प्रदेश के पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के श्री बदरीनाथ धाम को बौद्ध मठ बताने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि स्वामी प्रसाद को सनातन धर्म की कोई जानकारी नहीं है इसलिए वह उल-जूलूल बयानबाजी कर खबरों में बने रहना चाहते हैं।

पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि श्री बदरीनाथ धाम सतयुग कालीन है। यहाँ नर, नारायण ने तपस्या की थी। समाजवादी पार्टी के नेता को पता होना चाहिए कि जब यहाँ नर, नारायण ने तपस्या की थी तब महात्मा बुद्ध का जन्म भी नहीं हुआ था। इसलिए श्री बदरीनाथ धाम को बौद्ध मठ बताना सरासर गलत है।

महाराज ने कहा कि हालांकि सनातन परम्परा में महात्मा बुद्ध को भी हम नारायण का ही एक रुप मानते हैं, लेकिन इसका यह मतलब नहीं कि स्वामी प्रसाद मौर्य श्री बदरीनाथ धाम के विषय में कुछ भी ऊटपटांग बोलते फिरें। उन्होने कहा कि उन्हें इस बात का पता होना चाहिए कि जब पूर्व में नीति घाटी से उत्तराखंड में व्यापार होता था तो उस समय भगवान श्री बदरीनाथ के लिए तिब्बत के मठों से भी चढ़ावा आता था। उन्होने भी भगवान बद्रीविशाल की महिमा को माना है।

## जिले से छह दरोगा रिलीव, कई चौकी इंचार्ज बदले

देहरादून। पिछले साल ट्रांसफर के बाद जिले में रुके छह दरोगाओं को डीआईजी दलीप सिंह कुंवर ने संबंधित जिले के लिए रिलीव कर दिया है। इनमें कई चौकी इंचार्ज थे। एक एसओ समेत करीब चार दरोगाओं पर खास इनायत बरती गई है। पिछले साल इनका भी ट्रांसफर हुआ था। इन्हें अब तक रेंज से रिलीव करने आर्डर नहीं हुए हैं। जिले से रिलीव हुए दरोगाओं में अनिता नेगी, नरेंद्र पुरी, किशन चंद्र देवरानी, रतन सिंह बिष्ट, कविता नाथ और पंकज कुमार शामिल हैं। इनका ट्रांसफर होते ही कुछ चौकियां खाली हुई। इसलिए डीआईजी ने बीस दरोगाओं-अपर उप निरीक्षक का तैनाती स्थल बदला। दरोगा कुलदीप शाह को पुलिस लाइन से पटेलनगर थाने भेजा गया है। अमन चड्ढा को पुलिस लाइन से एसएसआई प्रेमनगर बनाया गया है। कृष्ण कुमार को शहर कोतवाली से विकासनगर थाने भेजा है। हाथी बडक़ला चौकी इंचार्ज कमलेश प्रसाद गौड़ को हर्रावाला चौकी इंचार्ज बनाया है। पुलिस लाइन में तैनात नीरज त्यागी को लक्ष्मण चौक चौकी इंचार्ज बनाया है। लक्ष्मण चौक चौकी इंचार्ज रहे कविंद्र राणा को ऋषिकेश की आईडीपीएल चौकी का इंचार्ज बनाया है। एसएसआई प्रेमनगर प्रवीण पुंडीर को लक्खीबाग चौकी इंचार्ज बनाया है। बालावाला चौकी इंचार्ज राकेश पुंडीर को वसंत विहार थाने भेजा गया है। वसंत विहार थाने में तैनात दरोगा सुनील नेगी को बालावाला चौकी इंचार्ज बनाया है। सहसपुर थाने से सनोज कुमार को बाजार चौकी पटेलनगर का इंचार्ज बनाया गया है। बाजार चौकी इंचार्ज ओम प्रकाश को हाथीबडक़ला चौकी इंचार्ज बनाया है। मुकेश नेगी को सेलाकुई थाने से डोईवाला कोतवाली भेजा है। अमित कुमार को पुलिस लाइन से सहसपुर थाने भेजा है। जगदंबा प्रसाद को ऋषिकेश कोतवाली से शहर कोतवाली भेजा है। बुद्धि सिंह पंवार को लाइन से रायपुर थाने भेजा है। अपर उप निरीक्षक कांता प्रसाद डंडरियाल को लाइन से प्रेमनगर थाने भेजा है।

# बयान पर करन माहरा ने माफ़ी मांगी करेंगे एक दिन का उपवास

देहरादून। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने गढ़वाल को लेकर दिए गए बयान पर माफी मांग ली है। उन्होंने कहा कि उनके एक शब्द की वजह से अंकिता हत्याकांड के मुख्य मुद्दे से लोगों का ध्यान हटा, इसके लिए वो प्रायश्चित के तौर पर एक दिन उपवास करेंगे। शुक्रवार को कांग्रेस भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में माहरा ने कहा कि भाजपा की जो महिला नेता, अंकिता हत्याकांड में चुप रहीं वो अब उनके बयान को तोड़मरोड़ कर पेश कर रही हैं। भाजपा के इन नेताओं को पूर्व में दिए गए तीरथ सिंह रावत, त्रिवेंद्र रावत, बंशीधर भगत के बयानों और पूर्व भाजपा महामंत्री संगठन पर लगे आरोपों पर भी बयान देने चाहिए। माहरा ने लोगों से अपील की है कि उनका पूरा वीडियो देखकर ही अपना मन बनाए, फिर भी किसी की भावनाओं को ढेस पहुंची है तो वो इसके लिए माफी मांगते हैं। माहरा ने कहा कि उनके मात्र एक शब्द से अंकिता की लड़ाई कमजोर हुई है, इसलिए प्रायश्चित के तौर पर वो जल्द ही एक दिन का उपवास करेंगे। कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा ही वीडियो वायरल किए जाने के सवाल पर माहरा ने कहा कि, जिन लोगों ने 2022 में मुस्लिम यूनिवर्सिटी का झूठ फैलाया था, उन तीन दोस्तों में से एक ने इस बार भी यह वीडियो वायरल किया है। तब पार्टी ने ऐसे लोगों पर एक्शन लिया होता तो आज यह स्थिति न होती। उन्होंने कहा कि वीडियो वायरल किए जाने को लेकर अनुशासन समिति के पास 400 स्क्रीन शॉट और कई पदाधिकारियों के शिकायती पत्र आए हैं। इस पर जल्द अनुशासन समिति निर्णय लेगी। माहरा ने बताया कि बीते दो साल में उत्तरकाशी जिले में अनुसूचित जाति समाज की चार नाबालिग बेटियों के साथ बलात्कार हुआ है, लेकिन सरकार उन्हें मुआवजा तक नहीं दे पाई है। इस मौके पर एससी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दर्शनलाल, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, महामंत्री नवीन जोशी, प्रवक्ता शीशपाल बिष्ट, मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह शामिल हुए।

# प्यार नहीं ये 4 बीमारियां फैलाता है 'जूठा खाना'

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , हम लोग अक्सर अपने दोस्तों, परिवार वालों या फिर बच्चों तक का जूठा खा लेते हैं। कई बार तो देखा गया है कि बच्चे अपने घर के किसी सदस्य के साथ बैठ जाते हैं और उन्ही की थाली से खाना खाने लग जाते हैं। ऐसा माना जाता है कि जूठा खाने से आपस में प्यार बढ़ता है। मगर क्या आप जानते हैं कि जूठा खाने से प्यार बढ़े चाहे नहीं, मगर स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव तो जरूर पड़ता है। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स बताते हैं कि एक ही थाली में खाना खाने से जुड़ाव और आपसी प्रेम तो बढ़ता है, लेकिन ऐसा करने से आपके शरीर में कई सारी बीमारियों के लिए भी दरवाजा खुल जाता है। चलिए यहां जानते हैं हमें किसी का जूठा क्यों नहीं खाना चाहिए और अगर खा भी रहे हैं तो किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए।



सांकेतिक चित्र

**इंफेक्शन फैलने का डर**

एक ही थाली में खाना खाने से खाने वाले को इंफेक्शन फैलने का डर बना रहता है, खासकर अगर उस व्यक्ति को संक्रामक बीमारी हो जिसका जूठा आप खा रहे हों। सर्दी, फ्लू या गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल बीमारी जैसे सामान्य संक्रमण आसानी से बर्तनों या भोजन से फैल सकते हैं। इसलिए अगर आपको रोगाणुओं और संक्रमणों के संचरण से बचना है तो भूलकर भी किसी बीमार इंसान के साथ खाना शेयर न करें।

**पाचन संबंधी समस्याएं**

दूसरे की थाली या बर्तन से जब आप खाना खाते हैं, तब आपको नहीं पता कि वह कितना साफ है। इसके अलावा व्यक्ति खुद खाना परोसने के लिए अपने हाथों या बर्तनों का उपयोग कर सकता है, जिससे संभावित रूप से भोजन में बैक्टीरिया या वायरस ट्रांसफर हो सकता है। सफाई का ध्यान न देने से बैक्टीरिया और अन्य कीटाणु आसानी से आपके पेट में प्रवेश कर सकते हैं, जिससे पाचन संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

**भोजन की संतुलितता**

दूसरे की थाली का भोजन खाने से आपके शरीर को उचित मात्रा में पोषक तत्व मिलने में कठिनाई हो सकती है। आपके शरीर को वह पोषण नहीं मिलेगा जो आपके लिए आवश्यक हो सकते हैं। यदि व्यक्तियों को किसी खाने से एलर्जी हो तो एक ही थाली से खाना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। यह क्रॉस कंटैमिनेशन का कारण बन सकता है।

**जूठा भोजन कर रहे हैं तो इन बातों का जरूर ध्यान रखें**

1. खाने से पहले हाथ धोएं: रोगाणु संचरण के जोखिम को कम करने के लिए हाथों की अच्छी स्वच्छता अपनाना महत्वपूर्ण है।

2. खाना परोसने के लिए हाथ का उपयोग ना करें: हाथों और भोजन के बीच सीधे संपर्क से बचने के लिए प्रत्येक व्यंजन के लिए अलग-अलग परोसने वाले बर्तनों का उपयोग करें।

3. फूड एलर्जी के बारे में बताएं: यदि किसी को किसी भोजन से एलर्जी है, तो उन्हें पहले से बताएं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि उन्हें आगे दिक्कत न हो।व्यक्ति को जितना हो सके जूठा भोजन खाने से बचना चाहिए। क्योंकि ऐसा करना आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

# लड़कियों का अनोखा स्कूल खबर पढ़कर होगा गर्व

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में एक ऐसा स्कूल है, जिसकी लड़कियों को लेकर बनाए गए नियमों की वजह से तारीफ होती है. इस स्कूल में लड़कियों की जाति को छिपाने के लिए उनका नाम नहीं लिखा जाता है. वहीं, अगर किसी लड़की का नाम एक जैसा है, तो उसके नाम में कोई यूनिक शब्द जोड़ दिया जाता है. इन सबके पीछे की वजह ये है कि यहां पर लड़कियों को शक्ति स्वरूपा के तौर पर माना जाता है. नवरात्रि के त्योहार के समय यहां पर हर रोज पूजा होती है, जो पूरे School कैंपस में भक्तिमय माहौल बना देती है.

हालांकि, स्कूल में भरे जाने वाले एग्जाम फॉर्म और डॉक्यूमेंट्स पर सरनेम का इस्तेमाल किया जाता है. लेकिन कभी भी किसी छात्रा को उसके सरनेम से नहीं बुलाया जाता है. इस स्कूल का नाम गार्गी शासकीय आवासीय आदर्श कन्या संस्कृत विद्यालय है. भोपाल के बरखेड़ी इलाके में स्थित इस स्कूल में 210 लड़कियां पढ़ाई करती हैं.




साभार : सो.मी.

**क्यों नहीं होता है सरनेम का इस्तेमाल?**

दरअसल, स्कूल में सरनेम का इस्तेमाल नहीं करने के पीछे की वजह अध्यात्म से जुड़ा हुआ है. स्कूल का मानना है कि हरेक लड़की का व्यक्तित्व उसका अपना होता है. पुराणों में लड़कियों को शक्ति स्वरूपा माना गया है और उनकी पूजा की जाती है. लड़कियां खुद में ही एक ऊर्जा होती हैं. किसी भी लड़की का अस्तित्व ही उनकी पहचान है.वहीं, स्कूल में जब एक नाम वाली दो लड़कियों का एडमिशन होता है, तो क्या किया जाता है. इस पर स्कूल ने बताया कि ऐसी स्थिति में दोनों लड़कियों को संस्कृत के किसी यूनिक नाम को दिया जाता है, जो अपने नाम के पीछे वह इस्तेमाल करती हैं. ऐसा करने से किसी भी तरह के कन्फ्यूजन की स्थिति नहीं बन पाती है.

# बदरीनाथ धाम पर टिप्पणी करने वाले मौर्य को खुद जवाब दें डिंपल यादव : धामी

देहरादून। श्री बदरीनाथ धाम पर यूपी के सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणी को सीएम पुष्कर धामी ने घोर मर्यादित और आपत्तिजनक करार दिया। कहा कि सपा के सर्वोच्च नेता की पत्नी डिंपल यादव उत्तराखंड की बेटी हैं। वही इस तरह की विघटनकारी सोच रखने वाले सपा पार्टी नेताओं को जरूर जवाब दें।

शुक्रवार को सचिवालय में मीडिया से बातचीत में सीएम धामी ने कहा कि बदरीनाथ धाम हिन्दुओं की आस्था का बड़ा केंद्र है। सपा जिस गठबंधन का हिस्सा है, उस गठबंधन से जुड़े नेताओं के ऐसे बयान आने ही थे। स्वामी प्रसाद मौर्य को कम से कम अपने नाम का ही ध्यान रखना चाहिए था। उनके नाम के आगे स्वामी है, उन्हें अपने इस नाम का मान रखना चाहिए था। सीएम ने कहा कि विश्व के करोड़ों हिन्दुओं की आस्था के केंद्र बिंदु और चार धामों में से एक भू बैकुण्ठ श्री बदरीनाथ धाम के अस्तित्व को लेकर सपा नेता की अमर्यादित टिप्पणी की घोर निन्दा की जाती है। कहा कि बदरीनाथ धाम पूरे विश्व के हिन्दुओं की आस्था का केंद्र है। उसके अस्तित्व पर सवाल उठाने वालों को उत्तराखंड की बेटी डिंपल यादव को ही जवाब देना होगा।

**बीकेटीसी अध्यक्ष ने बताया मानसिक दिवालियापन**

देहरादून। श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने भी स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान को दुर्भाग्यपूर्ण और मानसिक दिवालियापन करार दिया। कहा कि सपा और कांग्रेस दोनों सनातन विरोधी हैं। हिंदुओं के तीर्थ स्थलों को लेकर ऐसे बयान देना इन पार्टियों के एजेंडे का हिस्सा है। कांग्रेस को भी मौर्य के बयान पर स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, क्योंकि सपा उनके ही गठबंधन का हिस्सा है।

## संक्षिप्त खबरें

### शिक्षक संघ ने लगाया शिक्षकों के तबादले में मनमानी का आरोप

देहरादून। शिक्षकों के तबादले में मनमानी का आरोप लगाते हुए राजकीय शिक्षक संघ ने शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को ज्ञापन देकर कार्यवाही की मांग की। शुक्रवार को शिक्षा मंत्री से मुलाकात के दौरान संघ अध्यक्ष राम सिंह चौहान ने दो टूक कहा कि मंत्री जी, तबादलों में पारदर्शिता नहीं बरती गई। शिक्षक मायूस हैं। शिक्षा मंत्री ने डीजी-शिक्षा बंशीधर तिवारी और माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीमा जौनसारी को शिक्षकों की आपत्तियों का समाधान करने के निर्देश दिए। कहा कि, यदि किसी स्तर पर त्रुटि हुई है तो उसे अवश्य सुधारा जाए। सर्वे चौक के निकट स्थित आईटीडीए परिसर में संघ अध्यक्ष चौहान और महामंत्री रमेश चंद्र पैन्यूली ने शिक्षा मंत्री के सामने विस्तार से शिक्षकों की शिकायत को रखा। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी में कुछ शिक्षकों को सीधी छूट दे दी गई तथा कुछ शिक्षकों का स्थानान्तरण कर दिया गया। गंभीर बीमारी में हुए स्थानान्तरण में कोई प्रतिशत निर्धारित नहीं था। फिर भी पद रिक्त होते हुए भी कुछ शिक्षकों का स्थानान्तरण कर दिया गया तथा कुछ शिक्षकों को छोड़ दिया गया। दुर्गम से सुगम के नाम पर भी गढ़वाल से कुमाऊं और कुमाऊं से गढ़वाल तबादले किए गए हैं। शिक्षा मंत्री ने डीजी को कार्रवाई के निर्देश दिए। डीजी ने कहा कि सोमवार को इस मामले की सुनवाई की जाएगी। हालांकि तबादलों में पूरी पारदर्शिता रखी गई है। यदि किसी स्तर पर त्रुटि हुई होगी तो उसे निसंदेह ठीक किया जाएगा।

### स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक से मिले पेंशनर्स

देहरादून। गवर्नमेंट पेंशनर संगठन का प्रतिनिधिमंडल ने राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण के निदेशक बीएस डोलिया से मुलाकात की। उन्होंने गोल्डन कार्ड योजना से वंचित पेंशनर्स को पुना विकल्प भरने का अवसर देने, राज्य के सभी प्राइवेट अस्पतालो में योजना के तहत उपचार की सुविधा देने समेत अन्य मांगों के निराकरण की मांग की है। निदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को कार्यवाही का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में चौधरी ओमवीर सिंह, महिधर सिंह तोमर, वीआर सिंह, सुशील त्यागी, दिनेश जोशी, पंचम सिंह बिष्ट, दीपचंद शर्मा, अनिल कुमार पैन्यूली आदि मौजूद रहे।

### 18 नशे के इंजेक्शनों के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हल्द्वानी। वनभूलपुरा थाना पुलिस ने एक युवक को नशे के 18 इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार किया है। इसके बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है। एसओ नीरज भाकुनी ने बताया मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस टीम बीते गुरुवार रात गश्त कर रही थी। इस बीच मोहम्मद शमशाद पुत्र सरफराज उर्फ जाट निवासी नई बस्ती ठोकर वार्ड नंबर 26 को नशे के 18 इंजेक्शनों के साथ गौला पार्किंग नियर रेलवे पटरी वनभूलपुरा जिला-नैनीताल से गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपी लंबे समय से इस कारोबार को अंजाम देता आ रहा था। आरोपी के खिलाफ पहले भी पांच मुकदमे दर्ज हैं। टीम में एसआई संजीत कुमार राठौड़, सिपाही दिलशाद अहमद, रिजवान अली, परवेज अली, मुन्ना सिंह रहे।

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज रामनगर में

हल्द्वानी। रामनगर में ग्लोबल टाइगर डे पर देश के 53 टाइगर रिजर्वों के बाघों की गणना जारी की जाएगी। आंकड़े केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री अश्वनी कुमार चौबे, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश के वन मंत्री सुबोध उनियाल एवं केन्द्रीय वन महानिदेशक चन्द्र प्रकाश गोयल जारी करेंगे। शनिवार को कॉर्बेट पार्क में पूर्वान्ह 11:30 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर टाइगर रिजर्वों के डायरेक्टर पहुंच चुके हैं। कॉर्बेट को इस कार्यक्रम की जिम्मेदारी पहली बार मिली है। शुक्रवार को पार्क के डायरेक्टर डॉ. धीरज पांडे ने बताया कि ग्लोबल टाइगर डे की मेजबानी पहली बार कॉर्बेट को दी गई है। ढिकुली स्थित सीआरबीआर रिजॉर्ट में कार्यक्रम एनटीसीए करा रहा है। जिसमें टाइगर रिजर्वों के निदेशक, उप निदेशक और विभिन्न प्रदेशों के मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक आदि शामिल होंगे। टाइगर रिजर्वों की गणना की रिपोर्ट को केंद्रीय वन पर्यावरण मंत्री अश्वनी चौबे जारी करेंगे। इस दौरान एक पुस्तक का भी विमोचन होगा, जिसमें देश के टाइगर रिजर्व के बाघों के संबंधित आंकड़े होंगे। उन्होंने बताया कि 2018 में हुई गणना में कॉर्बेट में 250 से अधिक बाघ पाए गए थे। इस बार भी बाघ बढने की उम्मीद है। कार्यक्रम के बाद मेहमान ढेला व झिरना जोन में जंगल सफारी भी करेंगे। वहीं कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। वह रामनगर में होने वाले ग्लोबल टाइगर डे के कार्यक्रम शामिल होने के लिए 11:30 बजे पहुंचेंगे।

# सिकल सेल रोकथाम को बने माइक्रो प्लान : डॉ. धन सिंह रावत

## आपदा संभावित क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व लाये निकटवर्ती अस्पताल




न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 29 जुलाई , उत्तराखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने डेंगू संबंधी रेखीय विभाग के अधिकारियों के साथ एवं सिकल सैल एनीमिया रोक से जुड़ी बैठक में अधिकारियों को कई बड़े दिशा-निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने जनपद में डेंगू की स्थिति एवं डेंगू से बचाव के लिए किए जा रहे निरोधात्मक उपाय की जानकारी प्राप्त की। पर्वतीय क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को सरकार की पहल से प्रसव की संभावित तिथि से एक सप्ताह पूर्व चिकित्सालयों के निकट समुचित सुविधा मुहैया कराते हुए ठहराया जाएगा। डेंगी रोकथाम एवं नियंत्रण पर सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से युद्धस्तर पर कार्य करेंगे तथा स्कूलों में बच्चों को प्रयोगात्मक शिक्षा के माध्यम से डेंगू के बचाव एवं लार्वा नष्ट करने हेतु जागरूक किया जाएगा। साथ ही प्रत्येक स्तर पर डेंगू की रोकथाम हेतु जागरूकता किया जाएगा।

स्वास्थ्य मंत्री धनदा ने निर्देश दिए कि डेंगू के लक्षण एवं बचाव की जानकारी से जनमानस को जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिए कि फॉगिंग कार्यों के साथ ही प्रभावी अभियान चलाते हुए डेंगू के लार्वा को नष्ट किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्कूलों में बच्चों को जागरूकता के साथ ही प्रयोगात्मक माध्यम से डेंगू लार्वा से बचाव के उपाय बताने तथा बच्चों को स्कूल में फुल यूनिर्फाम में बुलाने हेतु स्कूलों के प्रधानाध्यापकों एवं प्रबंधकों को निर्देशित किये जाने को कहा। मंत्री ने निर्देश दिए कि लोगों को मच्छरदानी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने डेंगू के बचाव एवं जनजागरूकता हेतु युद्ध स्तर पर कार्य करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए।

उन्होंने निर्देश दिए कि इन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों में प्रतिदिन 10 मिनट डेंगू बचाव अभियान चलाने के निर्देश दिए साथ ही जनमानस से अपेक्षा करते हुए कहा कि जनमानस अपने घरों में प्रतिदिन 10 मिनट डेंगू बचाव हेतु किए जाने वाले कार्यों को अपनाएं तथा अन्य को भी इसके लिए जागरूक करें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को प्रचार-प्रसार एवं जिंगल के माध्यम से डेंगू से बचाव हेतु जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, शिक्षा, पंचायतीराज विभाग, समाज कल्याण आदि समस्त रेखीय विभाग को निर्देशित किया कि प्रचार-प्रसार के साथ ही सभी तैयारियां युद्ध स्तर पर की जाए।



स्वास्थ्य मंत्री ने सिकल सैल की रोकथाम हेतु माइक्रो प्लान तैयार करते हुए प्रत्येक घर/परिवार को कवर करने हेतु कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री के संकल्प 2027 तक एनीमिया मुक्त भारत बनाने हेतु प्रभावी कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। तथा राज्य में 17 सिंतबर 2023 को एनीमिया मुक्त अभियान का शुभारम्भ करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण विभाग को निर्देशित किया कि जनपद में सर्वे कराते हुए जनजातीय परिवारों की संख्या का पूर्ण विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को यह भी निर्देश दिए कि आई फ्लू के लक्षण एवं बचाव के संबंध में भी जानकारी से लोगों को जागरूक किया जाए।

मंत्री ने निर्देश दिए कि जनपद के ऐसे पर्वतीय क्षेत्र जहां पर आपदा की संभावना बनी रहती है उस क्षेत्र में जो भी गर्भवती महिलाएं है, जिनका 15 अक्टूबर तक प्रसव होने वाला हो ऐसी सभी गर्भवती महिलाओं को प्रसव की संभावित तिथि से एक सप्ताह पूर्व चिकित्सालयों के निकट लाया जाएगा, जिसके लिए होटल, धर्मशाला, गेस्ट हाउस आदि में ठहराया जाए जिसका वहन सरकार द्वारा किया जाएगा। साथ ही निर्देशित किया कि जो स्कूल गाड गदेरे पार करके स्कूल जाना होता है ऐसे बच्चों को या तो निकटतम स्कूल में बुलाया जाए अन्यथा ऐसे स्कूलों की आपदा के दृष्टिगत छुट्टी रखी जाए। उक्त विषय पर जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने जानकारी देते हुए अवगत किया कि जनपद के ऐसे सभी विद्यालयों को चिन्हित कर सम्बन्धित उप जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि मौसम विभाग की चेतावनी एवं क्षेत्र की परिस्थिति के दृष्टिगत अपने स्तर स्कूलों में अवकाश घोषित करते हुए समुचित व्यवस्था एवं निगरानी बनाए रखने के आदेश जारी किए गए है। बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने समस्त रेखीय विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि मा0 मंत्री जी द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरश पालन करते हुए प्रभावी अभियान चलाए जाए साथ ही जिन क्षेत्रों में डेंगू घनात्मक रोगी चिन्हित हो रहे हो उन क्षेत्रों तथा उनके आस-पास के क्षेत्रों में युद्ध स्तर पर अभियान चलाते हुए डेंगू के लार्वा को नष्ट करें। उन्होंने सिकल सैल एनीमिया मुक्त अभियान हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी सोनिका, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ0 बिनीता शाह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 संजय जैन, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश राहुल गोयल, अपर मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 जे.एस रावत, मुख्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 अविनाश खन्ना, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय डॉ0 शिखा जंगपांगी, मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, सहायक नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश रमेश सिंह, सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, जिला समाज कल्याण अधिकारी गोवर्धन सिंह, जिला डेंगू मलेरिया अधिकारी डॉ0 सुभाष जोशी सहित अन्य चिकित्सालयों के चिकित्सक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चमोली में 143 बच्चे और 31 गर्भवती का नहीं हुआ टीकाकरण

चमोली। सात अगस्त से शुरू होने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान के सफल संचालन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जनपद में सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया है। सर्वे में शून्य से पांच साल तक के 144 बच्चे और 33 गर्भवती महिलाओं को चिह्नित किया गया है जो टीकाकरण से वंचित है। इनके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा 19 विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जाएगा। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. एमएस खाती ने बताया कि मिशन इंद्रधनुष (आईएमआई) के अंतर्गत 0-5 वर्ष आयु वर्ग के उन बच्चों और गर्भवती महिलाओं को खुराक दी जानी है, जो किसी कारण टीकाकरण से वंचित रह गए हैं। बताया कि मिशन इंद्रधनुष के प्रथम चरण के सफल आयोजन हेतु घर-घर सर्वे कराया गया है। सर्वे में जोशीमठ ब्लाक में शून्य, दशोली ब्लॉक में 5 बच्चे एवं दो गर्भवती महिलाएं, नंदानगर ब्लाक में 46 एवं 15 गर्भवती महिलाएं, पोखरी ब्लॉक में 4 बच्चे, गैरसैंण ब्लॉक 6 बच्चे एवं 2 गर्भवती महिलाएं, कर्णप्रयाग ब्लॉक में 48 बच्चे एवं 8 गर्भवती महिलाएं, नारायणबगड़ ब्लॉक शून्य, थराली ब्लॉक शून्य, देवाल ब्लॉक में 35 बच्चे एवं 6 गर्भवती महिलाएं का टीकाकरण नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि सात अगस्त से शुरू होने वाले इंद्रधनुष अभियान के अंतर्गत दशोली ब्लाक में 1, नंदा नगर में 6, कर्णप्रयाग में 3, पोखरी में 1, गैरसैंण 2, देवाल 6 विशेष टीकाकरण सत्रों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दशोली ब्लाक में बसंत विहार, नंदानगर में सितेल, पेरी, घेरि, सुतोल, कनोल, प्राणमति, पोखरी ब्लाक में सिवाई, गैरसैण ब्लॉक में कुनिगाड, कंडारी खोड, कर्णप्रयाग ब्लॉक में पुडियानी, नौटी, बैनोली तथा देवाल बलॉक में तोरती, सौरीगाड़, खेता, मेलखेत, बेरा धार, हरमल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत एमआर, पीसीबी वैक्सीन और आईपीवी की तीसरी डोज के कवरेज में सुधार पर भी ध्यान दिया जा रहा है। टीकाकरण हेतु चिह्नित परिवारों को टीकाकरण का महत्व समझाते हुए एएनएम, आशा कार्यकर्ता व अन्य चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से संवेदीकृत किया जा रहा है। समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को यू-विन के माध्यम से पंजीकरण व टीकाकरण सत्रों के आयोजन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## कमेड़ा में पांद दिन बाद बदरीनाथ हाईवे सुचारु

चमोली। शुक्रवार को कमेड़ा में बदरीनाथ हाईवे पर यातायात सुचारु हो गया है। यहां पिछले पांच दिनों से पहाड़ी से हुए भूस्खलन के कारण सडक़ क्षतिग्रस्त थी। करीब 100 मीटर सडक़ के पूरी तरह वॉश आउट होने पर एनएचआईडीसीएल ने यहां पहाड़ी काटकर नई सडक़ का निर्माण किया है। रविवार रात्रि को हुई अतिवृष्टि के चलते चमोली और रूद्रप्रयाग की सीमा कमेड़ा में बदरीनाथ हाईवे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। ऐसे में मैदानी क्षेत्रों से चमोली और कुमाऊं को आने जाने वाले लोगों के साथ ही बदरीनाथ सहित अन्य तीर्थ और पर्यटन स्थलों को आने जाने वाले श्रद्धालुओं और सैलानियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि प्रशासन ने विकल्प के तौर पर रुद्रप्रयाग-ऊखीमठ-चोपता-गोपेश्वर और रुद्रप्रयाग-मोहनखाल-पोखरी-कर्णप्रयाग मार्ग से यातायात को आवागमन के लिए डायवर्ट किया। लेकिन सडक़ तंग और कई किमी के फेरे से जहां किराया भाड़ा अधिक पड़ रहा था। वहीं अधिक समय लगने के चलते लोग परेशान थे। लेकिन शुक्रवार को एनएचआईडीसीएल द्वारा पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे बदरीनाथ हाईवे को सुचारु कर दिया गया। जिसके बाद लोगों ने यहां राहत की सांस ली। यही नहीं पिछले पांच दिनों से सडक़ के दोनों ओर खड़े मालवाहक वाहन चालकों और स्वामियों ने भी राहत की सांस ली। एनएचआईडीसीएल के पीएम अभिषेक राणा ने बताया कि शुक्रवार को कमेड़ा में वाहनों के लिए यातायात सुचारु कर दिया गया है।

# धांसू वीडियो फीचर जुड़ते ही बदल गया आपका वॉट्सऐप

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 29 जुलाई , वॉट्सऐप की वीडियो और वॉइस कॉलिंग से दूर रहे रहे लोगों से भी दूरी का एहसास नहीं होता है. खासतौर पर वीडियो कॉलिंग की मदद से अब कनेक्ट रहने में काफी मदद मिलती है. कंपनी आए दिन नए-नए अपडेट देकर ग्राहकों को खुश करती रहती है, और अब इसी कड़ी में मेटा ने एक और खास फीचर का ऐलान कर दिया है. मेटा ने एक नया वॉट्सऐप फीचर लॉन्च कर दिया है, जो यूज़र्स को अपने चैट में शॉर्ट वीडियो मैसेज भेजने और रिसीव करने की अनुमति देता है.



साभार : सो.मी.

इंस्टेंट वीडियो मैसेज बिलकुल वॉइस मैसेज की तरह ही काम करता है. लेकिन ये वॉइस के साथ-साथ वीडियो के तौर पर मैसेज भेजने देगा.यूज़र्स वीडियो मोड पर स्विच करने और अपने कॉन्टैक्ट के साथ 60 सेकंड तक का वीडियो शेयर करने के लिए टेक्स्ट फील्ड के दाईं ओर आइकन पर टैप कर सकते हैं. बिलकुल वॉइस मैसेज की तरह इसमें भी हैंड्स फ्री रिकॉर्डिंग की जा सकती है. लॉक करने के लिए ऊपर की ओर स्वाइप कर सकते हैं और वीडियो को फिर वीडियो मैसेज को बिना बटन दबाए हैंड्स फ्री रिकॉर्ड भी कर सकते हैं.

रेगुलर वीडियो से अलग दिखने के लिए, वीडियो मैसेज चैट में सर्कुलर रूप में दिखाई देते हैं. वीडियो आने पर वह ऑटोमैटिकलकी डिफॉल्ट तौर पर म्यूट रहेंगे, और सुनने के लिए आप उसपर टैप कर सकते हैं. मिली जानकारी के मुताबिक ये फीचर भी बाकी मैसेज की तरह एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन सपोर्ट के साथ आएगा. यानी कि ये सेफ और सिक्योर तरह से आपके पास आएंगे, और आपके अलावा इसे कोई और नहीं देख पाएगा.

मेटा का कहना है कि शॉर्ट वीडियो मैसेज दोस्तों और परिवार के साथ बेहतरीन पलों को शेयर करने का एक मजेदार और आसान तरीका है, 'चाहे वह किसी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देना हो, किसी चुटकुले पर हंसना हो, या अच्छी खबर बताना हो.' वैसे तो ये फीचर सभी के लिए रोलआउट होना शुरू हो गया है, और आने वाले हफ्तों में इसके सभी के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है.

# अल्मोड़ा में नाबालिग बच्चों को थमाई स्कूटी, अभिभावकों पर लगा 25-25 हजार का जुर्माना

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

अल्मोड़ा 29 जुलाई : उत्तराखंड में अपने नाबालिग बच्चों को वाहन थमाने वाले माता-पिता जरा ध्यान दें। कहीं ऐसा न हो कि आपका भी 25 हजार रुपये का चालान कट जाए। नाबालिग बच्चों के हाथ में वाहन थमाना अपराध है। ऐसे मामलों पर पुलिस सख्त बनी हुई है और लगातार कार्रवाई कर रही है। जी हां ये खबर अल्मोड़ा जिले से है।

यहां पुलिस ने वाहन चलाने वाले नाबालिग बच्चों पर कार्रवाई की और उनके वाहन को सीज कर लिया है। पुलिस सिर्फ यहीं नहीं रुकी बल्कि अभिभावकों पर भी कार्रवाई की। बीते दिन पुलिस ने नाबालिगों के वाहन चलाने पर चार स्कूटी सीज की। इसके बाद बच्चों के अभिभावकों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोतवाल अरुण कुमार के नेतृत्व में एसएसआइ सतीश चंद्र कापड़ी समेत पुलिस टीम ने मुख्यालय में सघन अभियान चलाया। नियाजगंज, गोपालधारा, रानीधारा, एलआरसाह रोड में वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान चार स्कूटी ऐसी थी,जिन्हें नाबालिग चला रहे थे। नियमों को ताक पर रखने वाले ऐसे नाबालिगों पर पुलिस ने कड़ी कार्रवाई की। उनकी स्कूटी सीज कर दी गई। इसके अलावा उनके अभिभावकों के विरुद्ध 25-25 हजार रुपये के जुर्माने की कार्रवाई की। कई बार हम नाबालिग बच्चों के हाथ में वाहन थमा देते हैं और कोई अप्रिय घटना हो जाती है। ऐसे में अभिभावकों को भी ध्यान देने की जरूरत है कि नाबालिग के हाथ में वाहन न थमाएं।


साभार : सो.मी.

# उत्तराखंड में 1 से 10 सितंबर तक होगी अग्निवीर भर्ती

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 29 जुलाई : सेना भर्ती को लेकर उत्तराखंड के युवाओं में खूब जुनून दिखता है। सेना का हिस्सा बनने के लिए यहां के युवा कई-कई साल तक मेहनत करते हैं। अब इस मेहनत को मैदान पर दिखाने का वक्त आ गया है। कोटद्वार के गबर सिंह कैंप में एक से 10 सितंबर तक अग्निवीर भर्ती का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अग्निवीर भर्ती की तैयारियां शुरू कर दी है। भर्ती रैली के दौरान शांति व्यवस्था के साथ ही विभागीय अधिकारियों को भर्ती कार्यालय लैंसडौन के अधिकारियों से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।


साभार : सो.मी.

भर्ती के दौरान अभ्यर्थियों को किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए खास इंतजाम किए गए हैं। डीएम डॉ. आशीष चौहान ने उप-जिलाधिकारी कोटद्वार, लैंसडौन, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड दुगड्डा को भर्ती स्थल पर बैरिकेडिंग, टैंट, पेयजल, बिजली, मोबाइल टायलेट व अन्य की व्यवस्था पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि उपजिलाधिकारी कोटद्वार व लैंसडौन, सेना भर्ती कार्यालय के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर भर्ती आयोजन की रूपरेखा तैयार कर 7 दिन के भीतर रिपोर्ट पेश करें।

मुख्य चिकित्साधिकारी व कोटद्वार-लैंसडौन के एसडीएम को भर्ती स्थल पर चिकित्सक, चिकित्सा परिचालक, एंबुलेंस व दवाइयां उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए हैं। जल संस्थान के अधिकारियों से भर्ती स्थल एवं रेस प्रतीक्षा क्षेत्र व चिकित्सा शिविर के समीप प्रतिदिन पानी के टैंकर स्थापित करने को कहा गया है। डीएम ने पुलिस विभाग को Kotdwar Agniveer Bharti के दौरान भर्ती स्थल पर शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाने और अतिरिक्त पुलिस बल की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### आरटीई के दूसरे चरण के दाखिले 1 अगस्त से शुरू होंगे

हल्द्वानी। शिक्षा का अधिकार (आरटीई), अधिनियम के तहत प्राइवेट स्कूलों में दाखिला पाने से रह गए बच्चों के लिए अच्छी खबर है। उत्तराखंड में एक अगस्त से सत्र 2023-24 के लिए दूसरे चरण की दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। जिसके तहत आरटीई कोटे की शेष 17165 सीटें भरी जाएंगी। प्रदेश में आरटीई की 34,230 सीटों पर इस बार दाखिला दिया जाना है। बीती 8 जून को राज्य स्तर पर पहली लॉटरी निकाली गई। आवेदन करने वाले 25,325 बच्चों में से 17,065 को स्कूलों का आवंटन किया गया था, लेकिन प्राइवेट स्कूलों की ओर से बच्चों को इनरॉल करने में की जा रही देरी की वजह से शेष रिक्त सीटों को भरने के लिए दूसरी लॉटरी नहीं निकाली जा सकी। ऐसे में समग्र शिक्षा उत्तराखंड ने दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया एक अगस्त से शुरू करने का मन बनाया है। जारी समय सारणी के अनुसार रिक्त सीटों को भरने के लिए एक अगस्त से 20 अगस्त तक आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। इसके बाद 22 अगस्त से डिप्टी बीईओ कार्यालय स्तर पर बच्चों के प्रपत्रों की जांच की जाएगी और उन्हें अपने शैक्षणिक दस्तावेज जमा कराने होंगे। 2 सितंबर तक लॉटरी के लिए अर्ह बच्चों की दस्तावेजों की जांच की जाएगी। वहीं, 5 सितंबर को स्कूलों में प्रवेश के लिए राज्य स्तर पर लॉटरी निकाली जाएगी। चयनित बच्चों की सूची डिप्टी बीईओ कार्यालय में 6 सितंबर को चस्पा की जाएगी। 8 सितंबर से 20 सितंबर तक निजी स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया चलेगी।

### रिटायर्ड प्रधानाचार्य को ब्याज के साथ पेंशन भुगतान के निर्देश

नैनीताल। हाईकोर्ट ने सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य की दो साल से रोकी गई पेंशन का भुगतान छह हफ्ते के भीतर छह फीसदी ब्याज समेत करने के निर्देश मुख्य शिक्षा अधिकारी रुद्रप्रयाग को दिए हैं। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी की एकलपीठ में हुई। मामले के अनुसार तुंगेश्वर राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चोपता रुद्रप्रयाग के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य भागमल सिंह नेगी ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कहा कि याची विद्यालय के प्रधानाचार्य के पद से 31 मार्च 2021 को सेवानिवृत हुए, लेकिन उन्हें अब तक पेंशन जारी नहीं की गई है। यह विद्यालय 2014 तक शासकीय सहायता प्राप्त था। उसके बाद विद्यालय का प्रांतीयकरण हुआ। याची की सेवानिवृति के बाद नए प्रधानाचार्य ने उन्हें नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं दिया। क्योंकि याची ने आवास का कमरा खाली नहीं किया था। जबकि याची के अनुसार यह कमरे विद्यालय की संपत्ति नहीं है। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने मुख्य शिक्षा अधिकारी रुद्रप्रयाग को निर्देश दिए हैं कि छह हफ्ते के भीतर याची की पेंशन का भुगतान छह फीसदी ब्याज के साथ किया जाए।

### लापता छात्रा एक किशोर के साथ बरामद हुई

हल्द्वानी। काठगोदाम थाना क्षेत्र के गौलापार में शुक्रवार को एक नाबालिग छात्रा के गायब होने से हडक़ंप मच गया। पुलिस जांच में एक युवक के साथ जाना पाया गया। एसओ प्रमोद पाठक ने तत्काल टीम का गठन कर अलग-अलग क्षेत्रों को रवाना कर दी। इसी बीच किशोरी गौला पुल से कुंवरपुर चौराहा की ओर आने वाले रास्ते से लखीमपुर निवासी किशोर के साथ बरामद हो गई। इस बीच यहां कई संगठन के लोगों भीड़ जुट गई, बाद में उन्हें बैरंग लौटना पड़ा। पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर के समय गौलापार क्षेत्र के एक स्कूल में पढने वाली नाबालिग छात्रा अचानक लापता हो गई। इसी बीच अफवाह फैल गई कि एक दूसरे समुदाय का युवक उसे लेकर भाग गया। देखते ही देखते यहां पर अलग-अलग संगठनों के लोग की भीड़ भी जुटने लग गई। लोगों ने हंगामा काटना शुरू कर दिया। जैसे ही पता चला कि दोनों एक ही समुदाय के हैं। इसके बाद लोग एक-एक करके खिसक लिए। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस की जांच में छात्रा स्कूल से वापस आते समय एक युवक साथ जाते हुए दिखाई दी। टीम ने खोजबीन शुरू कर दी, कुछ देर बाद किशोरी एक किशोर के साथ गौला पुल से कुंवरपुर चौराहा की ओर आने वाले रास्ते में मिल गई। पूछताछ में किशोर ने खुद को लखीमपुर खीरी यूपी निवासी और नाबालिग होना बताया। पुलिस दोनों को पकडक़र थाने ले गई, इसके बाद किशोरी के परिजनों को बुलाया गया है। एसओ प्रमोद पाठक ने बताया किशोरी के परिजनों को बुलाया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### हाईवे पर ई-रिक्शाओं का संचालन बंद कराए प्रशासन

ऋषिकेष। हाईवे पर ई रिक्शा चलाने पर डोईवाला विक्रम एसोसिएशन ने एतराज जताया है। उन्होंने एसडीएम को ज्ञापन सौंप हाईवे पर ई रिक्शा संचालन करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। शुक्रवार को डोईवाला विक्रम एसोसिएशन के सदस्यों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम शैलेंद्र सिंह ज्ञापन सौंपा। यूनियन के कोषाध्यक्ष पवन कुमार ने कहा कि ई रिक्शा चालक नियमों के खिलाफ हाईवे पर ई रिक्शा चलाते हैं, जबकि नियम के मुताबिक ई-रिक्शा सिर्फ गली मोहल्ले और ब्रांच रोड पर ही चल सकते हैं। ई रिक्शा चालक डोईवाला की देहरादून रोड, हरिद्वार रोड और ऋषिकेश रोड पर खुलेआम अवैध रूप से मानकों का उल्लंघन कर रहे हैं, जिससे कभी भी दुर्घटना होने की आशंका है। उन्होंने ई रिक्शा चालकों पर उचित कार्रवाई करने की मांग की। यूनियन के सदस्य प्रवीण कुमार ने कहा कि कई ई रिक्शा चालकों के पास न तो ड्राइविंग लाइसेंस है और न ही इंश्योरेंस है।

# देहरादून साइबर पुलिस ने 165 मोबाइल किए बरामद, कीमत 25 लाख से अधिक








**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 29 जुलाई : देहरादून द्वारा जनपद मे खोये हुए मोबाइल की बरामदगी हेतु साइबर क्राइम सेल देहरादून को निर्देशित किया गया था जिसके क्रम में पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के निकट पर्यवेक्षण में जनपद देहरादून में खोये गये मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु साइबर क्राइम सेल टीम द्वारा कडी.मेहनत व लगन से कार्य करते हुए सर्विलांस के माध्यम से उत्तराखंड, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, मणिपुर, महाराष्ट्र आदि राज्यों से जनपद देहरादून से खोये गये कुल 165 मोबाईल फोन बरामद किये गये । बरामद किये गये मोबाइलों को दिनांक 28-07-23 को पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद देहरादून द्वारा उनके स्वामियों क्रमशः – गौरव रावत, अश्वनी कुमार गुप्ता, कामिनी कुमारी. मौ0 आमिर सैफी, वत्सल गुप्ता, रुमित सिंह, संदीप कुमार चौहान के सुपुर्द किया गया । अपने खोये गये मोबाईल फोन को वापस पाने पर उनके स्वामियों द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद व्यक्त किया गया तथा उपरोक्त सराहनीय कार्य की स्थानीय जनता व मीडिया द्वारा भूरी-भूरी प्रशंसा की गयी।

बरामदगी :- 165 स्मार्ट मोबाईल फोनकीमत :- रु0 25,64,445/- (रु0 पच्चीस लाख चौसठ हजार चार सौ पैंतालीस)

मोबाइलों की रिकवरी हेतु जनपद पुलिस द्वारा स्थापित किये गये साइबर क्राइम सेल में पुलिस के पास जो भी सूचनाएं प्राप्त होती हैं, पुलिस द्वारा उन पर तत्परता से कार्यवाही करते हुए मोबाइलों की जल्द से जल्द बरामदगी के प्रयास किये जाते हैं। पूर्व में भी साइबर क्राइम सेल टीम जनपद देहरादून द्वारा मोबाइल फोनों को बरामद कर उनके स्वामियों के सुपुर्द किया जा चुके है ।

## संपादकीय



### बिहार में 'मौत राज'

बिहार में 'जंगल राज' का विशेषण लंबे अंतराल तक चला। यह विशेषण उसकी छवि और पहचान बन गया था। इसकी चर्चा आजकल भी सुनाई देती है, लेकिन अब विशेषण बदल कर 'मौत राज' कर दिया जाना चाहिए। बिहार पुलिस इतनी असहिष्णु और इतने क्रोध, आवेश में रहती है कि विरोध करने वालों की लाशें ही बिछा देती है। कभी लाठियां बरसा कर, तो कभी गोली दाग कर उन नागरिकों को मौत के घाट उतारा जा रहा है, जिन्हें देश के संविधान ने मौलिक अधिकार प्रदान कर रखे हैं। संविधान के अनुच्छेद 19 में अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया गया है, तो शांति से विरोध-प्रदर्शन, धरना, आंदोलन के अधिकार का भी प्रावधान किया गया है। यदि मौलिक अधिकार और मानवाधिकारों को ही कुचला जाएगा, तो उसकी सजा क्या होगी? 'सुशासन बाबू' मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उनके 'उप' तेजस्वी यादव तो खामोश हैं। पुलिस के हत्यारे प्रहारों की जांच पुलिस ही करेगी, तो सोच लीजिए कि इंसाफ की नियति क्या होगी? बिहार के संदर्भ में हमारी चिंता और सरोकार इसलिए अधिक है, क्योंकि बिहार देश के सबसे गरीब और पिछड़े राज्यों में एक है। इसकी फितरत ही आपराधिक है। सत्ता पर वे दल और चेहरे काबिज हैं, जिन्हें बुनियादी जनादेश नहीं मिला था। लिहाजा लोकतंत्र और संविधान को ठेंगा दिखाया जा रहा है। ऐसी गठबंधन सरकारें कई राज्यों में बनी हैं, जिसके नेता 'मौसेरे भाई' की भूमिका में हंै। दो और दो मिला कर 22 करने की कोशिशें की जाती रही हैं, लिहाजा संविधान में संशोधन करने की जरूरत है। बहरहाल यह भारी उमस और गर्मी का मौसम है। जुलाई सबसे गरम महीना आंका गया है। यह जलवायु-परिवर्तन का ही फलितार्थ है। बेशक बारिश और बाढ़ ने बहुत कुछ तबाह किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की अग्रिम घोषणा बड़े गुमान-भाव से की है। आंकड़े गिनाए जा रहे हैं कि देश 4 लाख मेगावाट से अधिक बिजली का उत्पादन कर रहा है। भारत सरकार ने 3.5 करोड़ से ज्यादा लोगों को बिजली के उजाले मुहैया कराए हैं। यह भी तथ्य है कि देश के 40 फीसदी घरों में औसतन 2-8 घंटे तक बिजली गुल रहती है। बिहार के कई हिस्सों में तो बदतर हालात हैं।

**दैनिक न्यूज़ वायरस**
**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## लंबगांव में करंट लगने से युवक की मौत

नई टिहरी। बीती देर शाम को ग्रामसभा खम्माखाल के ग्राम सिरवानी पट्टी उपली रमोली में करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। सिरवानी के रहने वाले मुकेश बिष्ट (37) पुत्र विजेंद्र सिंह बिष्ट देर शाम को घर को जा रहे थे, इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से मुकेश सडक़ से एक से डेढ़ फिट दूर लगे बिजली के खंबे से जा टकराया। जिससे मुकेश करंट की चपेट में आ गया।

आस-पास ही खड़े कैलाश सिंह व दिनेश सिंह सहित अन्य लोग गाड़ी से मुकेश को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौण्ड लाया। जहां पर परीक्षण के बाद डाक्टरों ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया। मामले में उर्जा निगम के एसडीओ प्रताप नगर सद्दाम अली ने बताया कि मृतक मुकेश देर शाम पानी का पाइप हाथ में लेकर जा रहे थे। अचानक पैर फिसल जाने से पाइप सडक़ किनारे लगे विद्युत खंबे से टकराया, जिससे मुकेश 11000 वोल्टेज पावर लाइन की चपेट में आ गया। मामले में उचित कार्यवाही की जा रही है।

पूर्व प्रधान राजेश बिष्ट का कहना है कि विद्युत खंबे के चारों और लंबी-लंबी घास और झाडियां उगी हैं। जिससे कि वहां पर खतरा बना हुआ है। ऐसे खतरे वाले स्थानों पर समय-समय पर झाड़ी का कटान जरूरी है। करंट से मरने वााला घर में कमाने वाले अकेला व्यक्ति था। अपने पीछे पत्नी सहित तीन बच्चों को छोड़ गये हैं।

ग्रामीण इन बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित हैं। पूर्व जिपंस सदस्य गोविंद रावत ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि विद्युत विभाग मामले में मुआवजा देने की कार्यवाही तेजी से करे।

## संक्षिप्त खबरें

### गोपेश्वर महाविद्यालय में द्वितीय वरीयता सूची जारी

चमोली। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में बीए, बीएससी एवं बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु द्वितीय वरीयता सूची जारी हो गई है। प्रभारी प्राचार्य डॉ. मनीष डंगवाल ने बताया कि अभी तक तीनों संकायों में 1023 सीटों के सापेक्ष 675 अभ्यर्थी प्रथम वरीयता सूची में प्रवेश ले चुके हैं। द्वितीय वरीयता सूची में स्थान पाने वाले छात्र 29 जुलाई तक प्रवेश शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। समर्थ पोर्टल के नोडल अधिकारी डॉ. सुमित सजवाण ने बताया कि जो अभ्यर्थी किसी भी कारणवश यदि ऑनलाइन प्रवेश फार्म न भर पाएं हो तो वे 31 जुलाई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन आवेदन पत्र भर सकते हैं। इस अवसर पर डॉ बी एल शाह, डॉ रोहित वर्मा, डॉ प्रियंका उनियाल, डा डी एस नेगी , डॉ सौरव रावत आदि उपस्थित थे।

### मालिकाना अधिकार दिए जाने की कवायद शुरू

चमोली। प्रदेश सरकार की सहमति के अनुरूप भोटिया जनजाति के लोगों को उनके शीतकालीन प्रवास के पड़ाव और राजकीय भूमि पर निर्मित भवनों एवं काबिज भूमि का मालिकाना अधिकार दिए जाने की कवायद शुरू हो गई है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने इस संबंध में गुरुवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में भोटिया जनजाति के शीतकालीन प्रवास वाले सभी गांवों में भोटिया परिवारों की संख्या और काबिज क्षेत्रफल का संक्षिप्त विवरण तैयार किया जाए। राजस्व अभिलेखों में भोटिया पड़ाव के नाम से दर्ज भूमि और सरकारी भूमि के साथ ही भोटिया जनजाति के ऐसे परिवार, जिनके पास भूमि का मालिकाना हक है और ऐसे परिवार जिनको मालिकाना हक दिया जाना है, उसका विवरण शीघ्र उपलब्ध किया जाए। वीसी में सभी तहसीलों से उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं राजस्व पटलों के संबधित अधिकारी मौजूद थे।

### स्कूटी स्लिप होने से अध्यापिका घायल, रेफर

चमोली। शुक्रवार सुबह साढ़े छह बजे के करीब रसाईगाड़ पुलिया के निकट एक अध्यापिका की स्कूटी स्लिप हो गयी। इस कारण वह 15 मीटर गहरी खाई में गिर कर चोटिल हो गई। अध्यापिका को सीएचसी गैरसैंण में उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अध्यापिका मंजू ध्यानी 50 वर्ष पत्नी एसके ध्यानी गैरसैंण से राप्रावि चौरड़ा जा रही थी कि रसाईगाड़ पुलिया के निकट स्कूटी स्लिप हो कर लगभग 15 मीटर गहरी खाई में गिर गयी। इस दौरान नंदासैंण मेले में जा रहे सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एएस रावत वहां से जा रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर उन्होंने अध्यापिका में 108 वाहन से सीएचसी गैरसैंण पहुंचाकर उपचार किया। डॉ. रावत ने बताया कि अध्यापिका के कंधे और दाएं पैर की हड्डी भी फेक्चर लग रही है। जिस पर अध्यापिका को महिला बेस चिकित्सालय सिमली रेफर किया गया गया। लेकिन वहां समुचित सुविधाएं न होने पर परिजन उन्हें देहरादून उपचार के लिए ले गये हैं।

### डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमा लगाने की मांग

नई टिहरी। दुनियाभर में मिसाइल मैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर महान वैज्ञानिक भारतरत्न पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत डा एपीजे अब्दुल कलाम साहब की प्रतिमा स्टेडियम तिराहे पर लगाने की मांग डा एपीजे अब्दुल कलाम विचार मंच के पदाधिकारियों ने की। इससे पूर्व मंच के पदाधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति को याद करते हुए उनकी याद में कलाम वाटिका में पौधरोपण भी किया। मंच ने पूर्व राष्ट्रपति को याद करते हुए कहा क भले ही आज वह हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनके आदर्शों से भरा जीवन हमें प्रेरित करता हैं।

# ऑल इंडिया ऑनलाइन संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिता का शुरू हुआ रजिस्ट्रेशन

## डॉ. वाचस्पति मैठाणी जयंती पर आयोजित होती है प्रतियोगिता





साभार:सो.मीडिया



**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून , 29 जुलाई , डॉ. वाचस्पति मैठाणी स्मृति मंच द्वारा अखिल भारतीय ऑनलाइन संस्कृत ज्ञान प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं। संरक्षक मंडल के सदस्य एवं प्रतियोगिता के संयोजक कैलाशपति मैठाणी ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित, शिक्षाविद् डॉ मैठाणी की 74 वीं जयंती पर संस्कृत के प्रचार–प्रसार, संस्कृति की रक्षा एवं छात्र छात्राओं के प्रतिभा विकास हेतु ₹डॉ. वाचस्पति मैठाणी स्मृति मंच द्वारा हर आयु वर्ग के लिए अखिल भारतीय ऑनलाइन संस्कृतज्ञान प्रतियोगिता₹ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी वरिष्ठ नागरिक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। यह मंच के लिए भी सम्मान की बात है।

प्रतियोगिता के अंतर्गत गीता श्लोक उच्चारण एवं संस्कृत गान प्रतियोगिता में 9 वर्ष से वरिष्ठ नागरिक तक, संस्कृत नृत्य प्रतियोगिता में 3 वर्ष से 18 वर्ष तक के

### ■ वेबसाइट के माध्यम से भी कर सकेंगे पंजीकरण

बालक बालिकाएं प्रतिभाग कर सकेंगे। जिसके अंतर्गत प्रतिभागी को अपना परिचय सहित संस्कृत गान का न्यूनतम 2 मिनट व अधिकतम 4 मिनट का वीडियो सुंदर, आकर्षक गेय रूप में व्हाट्सएप ग्रुप में 16 अगस्त तक भेज सकते हैं।

**ऐसे बन सकते है विजेता**

उन्होंने बताया कि इस बार भी तीनों प्रतियोगिताओं के लिए प्रतिभागी को निर्णायकों के अलावा फेसबुक पेज पर दर्शकों की संख्या (views) बढ़ाने का भी मौका दिया जाएगा। जिसमें 1 से 20 अंक तक प्राप्त किए जा सकते हैं। प्रत्येक 500 दर्शक संख्या होने पर एक अंक प्रदान किए जाएँगे। इसके लिए प्रतिभागी को फेसबुक पेज पर अपलोड की गई वीडियो का लिंक 25 अगस्त तक अधिक से अधिक शेयर करना होगा। यह तभी संभव है जब प्रतिभागी अपनी प्रस्तुति शीघ्र भेजेंगे।

मैठाणी ने कहा कि गीता श्लोक उच्चारण के लिए पंजीकरण https://forms.gle/wasY-hqTFgSz14Pxq7 पर संस्कृत गान प्रतियोगिता के लिए https://forms.gle/YS3obp-TXN6GEPqDVA पर संस्कृत नृत्य प्रतियोगिता के लिए https://forms.gle/f6KWqaY7uYLv-maeS7 पर तथा संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के लिए https://forms.gle/9niTbdNJ9ue-qqFJr5 पर किया जा सकता है। मैठाणी ने कहा कि ऑनलाइन संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 12 तक के छात्र–छात्राएं प्रतिभाग कर सकते हैं। जिसके पंजीकरण की अंतिम तिथि 26 अगस्त तक है इसकी परीक्षा 27 अगस्त को गूगल फार्म के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

पंजीकरण स्मृति मंच की वेबसाईट https://dr-maithani28.wixsite.com/drmaithani पर जाकर भी कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त को स्व. डॉ. वाचस्पति मैठाणी की 74 वीं जयंती पर प्रत्येक वर्ग के प्रथम 10 स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागियों के नाम की घोषणा की जाएगी।

# धर्मनगरी को ड्रग फ्री बनाने हेतु अभियान शुरू

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

हरिद्वार। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन 'ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं मां मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्र पुरी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि समाज के सभी वर्गों को इस मुहिम में जोड़ते हुए नशे से पीड़ित युवाओं को गोद लेने की अपील की जाएगी। जिसकी पहल करते हुए श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने नशे से पीड़ित 21 युवाओं को गोद लेने की बात कही।

शुक्रवार को मां मनसा देवी चरण पादुका मंदिर परिसर में आयोजित हुई बैठक में बोलते हुए 40 वीं वाहिनी पीएसी के डिप्टी कमांडेंट सुरजीत सिंह पंवार ने कहा कि आज प्रदेश में नशा एक बड़ी समस्या बन गई है। युवाओं को नशा मुक्ति केंद्र भेजने से पहले सबसे पहले हमें किसी उचित नशा मुक्ति केंद्र तलाशना होगा, जो हमारे नजदीक ही स्थित हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस समस्या के लिए युवाओं में जन जागरण ही चलाना होगा।

इंटेलिजेंस में एएसपी जेआर जोशी ने कहा कि जो व्यक्ति नशे से पीड़ित है वह अपराधी से ज्यादा बीमार है। इस समस्या से निपटने के लिए सभी को साथ मिलकर कार्य करना होगा। श्रीगंगा सभा के अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहा कि नशा आज समाज में एक बड़ी एवं गंभीर समस्या बन चुका है। जिसके लिए जागरूकता कार्यक्रम के साथ साथ सख्त कानून भी बनना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक पदम ने कहा कि जब नशे की विकृति बहुत बड़ी हो जाती है तो सभी को साथ मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि शहर के प्रमुख लोगों से अपील की जाएगी कि वे नशे के खिलाफ इस मुहिम से जरूर जुड़े। बैठक में जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर गर्व गिरि महाराज, उड़ान इंस्टीट्यूट के एमडी रविंद्र शर्मा, गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष मनीष चौहान आदि शामिल रहे।

# भव्य रुप से संपन्न होगा प्रयागराज कुंभः श्रीमहंत रविंद्र पुरी

हरिद्वार। श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि अखाड़ा परिषद और उत्तर प्रदेश सरकार के समन्वय से प्रयागराज कुंभ को दिव्य और भव्य रुप से संपन्न कराया जाएगा। कुंभ की दिव्य छटा अपने आप में ही इतनी गौरव और प्रभावशाली है कि विदेशी लोग भी प्रभावित होकर भारतीय संस्कृति को अपना रहे हैं। हम सभी को गौरवान्वित महसूस करना चाहिए कि हम सभी सनातन धर्म के अनुयाई है। यह बात उन्होंने यूपी के मंत्रियों को आशीर्वाद देते हुए कही। उत्तर प्रदेश के जल शक्ति काबीना मंत्री स्वतंत्र देव सिंह एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री बृजेश सिंह ने कनखल स्थित श्री दक्षेश्वर महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। उन्होंने श्रीमहंत रविंद्र पुरी से आशीर्वाद लिया। उन्होंने धर्म के मुद्दों पर चर्चा करते हुए जल शक्ति काबीना मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि संत महापुरुषों की गौरवशाली परंपरा विश्व विख्यात है। और धर्म के संरक्षण संवर्धन में संत महापुरुषों ने सदैव अग्रणी भूमिका निभाकर राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि आगामी कुंभ मेला उत्तर प्रदेश में आयोजित होना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की धर्म के प्रति आस्था और कर्तव्यनिष्ठा से पूर्व की भांति जिस प्रकार कुंभ मेले का सफल आयोजन हुआ। संत महापुरुषों की कृपा से आगामी कुंभ मेला भी भव्य रूप से आयोजित होगा। लोक निर्माण मंत्री बृजेश सिंह ने कहा कि धर्म सत्ता हमेशा ही राजसत्ता की मार्गदर्शक रही है। संतों का आशीर्वाद जिस पर हो जाए उसके सभी कार्य स्वयं ही सुलभ हो जाते हैं।

# मंत्री सौरभ बहुगुणा ने किया बाढ़ प्रभावित रहे लक्सर के कई गांवों का दौरा

रुडक़ी। प्रदेश के गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शुक्रवार को बाढ़ से प्रभावित रहे लक्सर के कई गांवों का दौरा किया। मंत्री ने किसानों से उनके नुकसान की जानकारी ली, साथ ही उनके खेतों तक जाकर बाढ़ से खराब फसलों को भी देखा। उन्होंने कहा कि प्रशासन की सर्वे रिपोर्ट के बाद सभी को नुकसान का उचित मुआवजा मिलेगा। इस साल लक्सर नगर और देहात में आई बाढ़ के बाद लोग सरकार से मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इसे लेकर शुक्रवार को गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा लक्सर पहुंचे, और बाढ़ प्रभावित रहे हुसैनपुर, केहड़ा, सेठपुर, मोहम्मदपुर बुजुर्ग, मुटकाबाद, मुंडाखेड़ा गांव का दौरा किया। उन्होंने किसानों से बाढ़ से हुए नुकसान की जानकारी ली।

## हरिद्वार जिले को आपदाग्रस्त घोषित किया जाए

रुडक़ी। राष्ट्रीय लोक दल की बैठक में दल के खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरपाल सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के कार्यकर्ता गांव-गांव जनता से संपर्क कर उनकी समस्या सुनकर समाधान कराएं। जनता को दल के साथ जोडऩे का आह्वान किया। प्रशासनिक भवन में आयोजित बैठक में कहा कि दल हरिद्वार लोकसभा सीट पर मजबूत प्रत्याशी को चुनाव में उतारेगी। रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी के निर्देश पर उत्तराखंड में सितंबर में रथयात्रा निकाली जाएगी जो गांव-गांव में होकर निकलेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की राज्य सरकार से मांग है कि पिछले दिनों आई प्राकृतिक आपदा के पीड़ित किसानों को मुआवजा दिया जाए। पूरे हरिद्वार जिले में किसानों की हजारों बीघा जमीन में गन्ने, धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। सरकार 10 हजार रुपये प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा तत्काल दे।

## फसलों के नुकसान का मुआवजा दे सरकार

रुडक़ी। भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की बैठक में राज्य सरकार से जनपद हरिद्वार को आपदाग्रस्त घोषित करने की मांग की गई। इसके अलावा गन्ना किसानों को 25 हजार रुपये प्रति बीघा मुआवजा देने की मांग उठाई। मोहल्ला पीरगढ़ी में भाकियू (अराजनैतिक) की बैठक की अध्यक्षता हाजी नवाब ने की। इसका संचालन मनोज कुमार ने किया। यूनियन के जिलाध्यक्ष अनुज कुमार जटराणा ने कहा कि जनपद हरिद्वार में भारी वर्षा के कारण अधिकतर किसानों की फसलें खराब हो गई हैं। राज्य सरकार को जनपद हरिद्वार को बाढग्रस्त घोषित कर गन्ना किसानों को 25 हजार रुपये प्रति बीघा के हिसाब से मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हवाई दौरे बंद कर धरातल पर उतरकर लोगों की मदद करनी चाहिए। इस दौरान परवेज नंबरदार को यूनियन का मंगलौर नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया।